सार-समाचार

राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय में 'योग संगम' कार्यक्रम

अजमेर, (निसं)। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के अवसर पर राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित 'योग संगम' कार्यक्रम सामूहिक चेतना, अनुशासन और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक बन गया। कुलपति प्रो. आनंद भालेराव के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, शिक्षकों, कर्मचारियों और स्थानीय नागरिकों ने भाग लेकर योग के माध्यम से स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। कार्यक्रम में कॉमन योग प्रोटोकॉल के अनुसार विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराया गया। प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास करते हुए शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। अपने संबोधन में कुलपति प्रो. आनंद भालेराव ने कहा कि योग भारत की प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर है, जो हजारों वर्षों से मानवता को संतुलन, शांति और आत्मबोध का मार्ग दिखा रही है। उन्होंने उपनिषदों के संदेश 'आत्मानं विद्धि' अर्थात स्वयं को जानो का उल्लेख करते हुए कहा कि योग आत्मज्ञान की यात्रा का प्रारंभ है, जो व्यक्ति को अपने भीतर झांकने और जीवन के वास्तविक उद्देश्य को समझने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन प्रबंधन का वैज्ञानिक और व्यावहारिक माध्यम भी है। योग व्यक्ति को तनाव में संतुलित रहना, सफलता में विनम्रता बनाए रखना तथा चुनौतियों को अवसरों में बदलना सिखाता है। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय भारतीय ज्ञान परंपरा, भारतीय भाषाओं, संस्कृति, पर्यावरण चेतना और जीवन मूल्यों के संरक्षण व संवर्धन के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। योग व्यक्ति के भीतर सकारात्मक परिवर्तन लाकर सामाजिक और राष्ट्रीय विकास की मजबूत नींव तैयार करता है।

काली माता मेले में आस्था का सैलाब उमड़ा

अजमेर, (निसं)। सर्वश्री रैगरान चारों बारी पंचायत अजमेर द्वारा आयोजित काली माता मेला इस वर्ष भी श्रद्धा, उत्साह और सामाजिक एकता के साथ मनाया गया। मेले के अवसर पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा में सैकड़ों महिला, पुरुष और बच्चों ने भाग लिया तथा माता के जयकारों से शहर का वातावरण भक्तिमय हो गया। पंचायत अध्यक्ष अरविंद धौलखेड़िया ने बताया कि शोभायात्रा का शुभारंभ डिग्गी बाजार स्थित रैगर मोहल्ले से हुआ। यात्रा कपड़ा बाजार, घसेटी बाजार, नला बाजार, खजाना गली, नया बाजार और आगरा गेट होते हुए घूघरा घाटी स्थित काली माता मंदिर पहुंची। शोभायात्रा में बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। हाथों में गुब्बारे लिए बच्चे माता के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। काली माता का अखाड़ा शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण रहा, जहां कलाकारों ने विभिन्न पारंपरिक करतब प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन, प्रसाद वितरण, भंडारे और महाआरती का आयोजन किया गया। राज्यभर से आए हजारों श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। व्यापारिक संगठनों ने विभिन्न स्थानों पर स्वागत द्वार लगाकर शोभायात्रा का अभिनंदन किया तथा श्रद्धालुओं के लिए शर्बत, पानी और अन्य पेय पदार्थों की व्यवस्था की।

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड को स्थायी अध्यक्ष मिला

अजमेर, (निसं)। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड को करीब चार वर्ष के लंबे इंतजार के बाद नया अध्यक्ष मिल गया है। राज्य सरकार ने सेवानिवृत्त प्राचार्य हनुमान सिंह राठौड़ को बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त किया है। उनका कार्यकाल तीन वर्ष का होगा और वे सोमवार को पदभार ग्रहण करेंगे।लंबे समय से अध्यक्ष पद रिक्त रहने के कारण बोर्ड के कई नीतिगत और प्रशासनिक कार्य प्रभावित हो रहे थे। नियुक्ति के बाद मीडिया से बातचीत में राठौड़ ने अपनी प्राथमिकताओं और आगामी चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की।उन्होंने कहा कि बोर्ड की कार्यप्रणाली, कर्मचारियों और प्रशासनिक व्यवस्था से उनका वर्षों पुराना जुड़ाव रहा है। ऐसे में नई जिम्मेदारी भले ही बड़ी हो, लेकिन कार्यक्षेत्र उनके लिए नया नहीं है। राठौड़ ने कहा कि उनकी सबसे बड़ी प्राथमिकता राष्ट्रीय शिक्षा नीति को प्रभावी रूप से विद्यालयों और विद्यार्थियों तक पहुंचाना होगी। इसके लिए पाठ्यपुस्तकों को नई शिक्षा नीति के अनुरूप तैयार करने और समय पर विद्यार्थियों तक उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

जिला व सत्र न्यायालय परिसर में योग कार्यक्रम हुए

भीलवाड़ा (निसं)। माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर एवं राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायालय, भीलवाड़ा के बार पुस्तकालय में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक दीपांशु सोलंकी द्वारा आयुष मंत्रालय के निर्धारित कॉमन योगा प्रोटोकॉल के अनुसार उपस्थित अधिकारियों, अधिवक्ताओं एवं न्यायिक कर्मचारियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया। उन्होंने नियमित योग के माध्यम से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ बनाए रखने का संदेश भी दिया। इस अवसर पर श्रीमती रेखा वधावा , न्यायाधीश पॉक्सो संख्या 01, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संख्या-03 पवन कुमार काला, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भीलवाड़ा रश्मि आर्या, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट देवांगिनी औदीच्या सहित अन्य न्यायिक अधिकारीगण, अधिवक्तागण एवं न्यायिक कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों ने योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का अभिन्न अंग बनाने तथा स्वस्थ, संतुलित एवं सकारात्मक जीवन शैली अपनाने का संकल्प लिया। योग दिवस के इस आयोजन का उद्देश्य न्यायिक परिवार में स्वास्थ्य, अनुशासन एवं मानसिक संतुलन के प्रति जागरूकता का प्रसार करना रहा।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर अजमेर योगमय, हजारों लोगों ने सामूहिक योगाभ्यास किया

अजमेर, (निसं)। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर अजमेर पूरी तरह योगमय नजर आया। विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी, अजमेर नगर, भारतीय जनता पार्टी अजमेर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के संयुक्त प्रयासों से शहर और आसपास के 18 स्थानों पर सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें कुल 1,977 साधकों और नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रमों के माध्यम से 'स्वस्थ व्यक्ति, समर्थ समाज और सशक्त राष्ट्र' का संदेश दिया गया। भजनगंज स्थित टोरंटो पैलेस में आयोजित मुख्य समारोह में 1,000 से अधिक लोगों ने सामूहिक योगाभ्यास किया।

वहीं अभियांत्रिकी महाविद्यालय, जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज, प्रेम प्रकाश आश्रम पुष्कर, डॉ. हेडगेवार उद्यान, केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, आयकर भवन, मुख्य डाकघर, आदर्श नगर, मधुबन कॉलोनी तथा अन्य स्थानों पर भी योग सत्र आयोजित हुए।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला कलक्टर लोक बंधु ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। समारोह की अध्यक्षता जेएलएन मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के प्राचार्य डॉ. अनिल सामरिया ने की, जबकि आर्यभट्ट समूह के निदेशक डॉ. अमित शास्त्री विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम का मार्गदर्शन अजमेर दक्षिण विधायक अनिता भदेल ने किया।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शहर और आसपास के 18 स्थानों पर सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित हुए, जिनमें कुल 1,977 साधकों और नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

योग केवल व्यायाम नहीं, जीवन दर्शन है - अनिता भदेल: अपने संबोधन में अनिता भदेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से आज पूरी दुनिया भारतीय योग परंपरा का सम्मान कर रही है। उन्होंने कहा कि 'समत्वं योग उच्यते' और 'योग: कर्मसु कौशलम्' के संदेश के साथ योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं बल्कि आत्मानुशासन, समभाव और कर्मकुशलता का जीवन दर्शन है।

डॉ. अनिल सामरिया ने कहा कि 'पहला सुख निरोगी काया' का आधार योग है तथा नियमित योगाभ्यास से मधुमेह, मोटापा, उच्च रक्तचाप और हृदय रोग जैसी समस्याओं से बचाव संभव है। डॉ. अमित शास्त्री ने स्वस्थ समाज को विकसित भारत की आधारशिला बताया। विवेकानंद केंद्र के प्रांत कार्य पद्धति प्रमुख डॉ. स्वतंत्र कुमार शर्मा ने साधकों

■ **अनिता भदेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से आज पूरी दुनिया भारतीय योग परंपरा का सम्मान कर रही है**

को योग, प्राणायाम और विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया तथा योग को जीवनशैली का हिस्सा बनाने का आव्हान किया। मित्तल हॉस्पिटल के सामने स्थित लेक फ्रंट पर भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भव्य सामूहिक योगाभ्यास आयोजित किया गया। झील के शांत और प्राकृतिक वातावरण में महिलाओं, पुरुषों एवं वरिष्ठ नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। योग शिक्षक डॉ. नेमीचंद तंबोली ने भारत सरकार के कॉमन योग प्रोटोकॉल के अनुसार प्रतिभागियों को विभिन्न योग क्रियाओं एवं आसनों का अभ्यास कराया। कार्यक्रम में सूक्ष्म व्यायाम, ग्रीवा संचालन, स्कंध संचालन और कटि संचालन सहित कई शारीरिक अभ्यास कराए गए, जिससे स्वास्थ्य, संतुलन और मानसिक शांति का संदेश दिया गया। मुख्य समारोह में नियमित योगाभ्यास करने वाले साधकों को विभिन्न सम्मान प्रदान किए गए। 'प्रेरणा योगी' सम्मान प्रताप सिंह अग्रे, 'योगदूत' सम्मान निराली अरोड़ा एवं तनु कुशवाहा, 'शक्ति योगिनी' सम्मान सीमा गोस्वामी, 'अनुशासन योगी' सम्मान गीता टांक, विनोद शर्मा और मीता सिंह को दिया गया। इसके अलावा 'कर्मयोगी', 'स्वास्थ्य साधक', 'युवा योग प्रेरक' और 'योग गौरव शिक्षक' सहित विभिन्न श्रेणियों में भी सम्मान प्रदान किए गए। योग दिवस के अवसर पर उपस्थित साधकों ने योग को जन-जन तक पहुंचाने तथा स्वस्थ, सशक्त और विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। आयोजकों ने बताया कि टोरंटो पैलेस परिसर में प्रतिदिन प्रात: 5:30 बजे नियमित योग वर्ग पूर्ववत संचालित रहेगा, जिसमें सभी नागरिकों का स्वागत है।

ब्यावर जिला कारागृह में योग दिवस व संगीत दिवस मनाया

ब्यावर (निसं)। माननीय राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के एक्शन प्लान के अनुसार एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हारून तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनल पारीख के निर्देशानुसार जिला कारागृह में संयुक्त रूप से योग दिवस और संगीत दिवस मनाया गया।

पीएलवी संजय सिंह गहलोत ने बताया की श्री कृष्णा योग मंच के संस्थापक एवं पतंजलि तहसील प्रभारी ब्यावर, आनंद कुमावत जो की पतंजलि योग से प्रशिक्षित भी है ने बंदियों को विभिन्न योग क्रियाये अनुलोम विलोम, सूर्य नमस्कार, भस्त्रिका, कपाल भांति, हास्यासन, ताड़ासन, त्रिकोणासन, कटी चक्रासन, वृक्षासन और भ्रामरी आदि करवाई। कुमावत ने बताया की कारागृह के माहौल से विचलित न होकर प्रतिदिन योग करने से शारीरिक और मानसिक

जिला कारागृह में संयुक्त रूप से योग दिवस और संगीत दिवस मनाया।

तनाव से मुक्ति पाई जा सकती है और कई प्रकार के असाध्य रोग भी ठीक हो जाते है। कुमावत के सहयोगी विष्णु कुमावत ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया की योग मंच में प्रतिदिन आनेवाले सदस्यों को मधुमेह, अस्थमा, रक्तचाप के अलावा आंखो की रौशनी ठीक होकर चश्मे से भी छुटकारा मिला है जो की योग के लाभ केसाक्षात प्रमाण है। पीएलवी संजय सिंह गहलोत ने बताया की आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस और अंतर्राष्ट्रीय संगीत दिवस भी है। गहलोत ने बताया की मधुर और कर्णप्रिय संगीत से असाध्य रोगो से मुक्ति के साथ मानसिक तनाव भी दूर होते है।

अजमेर में कड़ी सुरक्षा के बीच री-नीट परीक्षा संपन्न, 5,550 अभ्यर्थी शामिल

अजमेर, (निसं)। जिले में रविवार को दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजकर 15 मिनट तक री-नीट परीक्षा शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों को सुबह 11 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक परीक्षा केंद्रों में प्रवेश दिया गया। परीक्षा के दौरान एक केंद्र पर बुर्का पहनकर पहुंची अभ्यर्थी को प्रारंभ में प्रवेश से रोका गया, लेकिन आपत्ति दर्ज कराने के बाद निर्धारित प्रक्रिया पूरी करवाकर उसे परीक्षा में शामिल होने की अनुमति दे दी गई। परीक्षा की निष्पक्षता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिलेभर में 300 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे।

सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी जिला कलक्टर लोकबंधु, कार्यवाहक पुलिस अधीक्षक उषा यादव तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने की। व्यवस्था में 4 अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, 8 वृताधिकारी और 18 उप निरीक्षक स्तर के अधिकारियों की तैनाती की गई थी, सभी परीक्षा केंद्रों पर ड्रोन के माध्यम से भी निगरानी रखी गई। नीट यूजी परीक्षा के दौरान ब्यावर से आई अभ्यर्थी कुलसुम को अजमेर स्थित सावित्री स्कूल परीक्षा केंद्र पर बुर्का पहनकर आने के कारण प्रारंभिक रूप से प्रवेश नहीं दिया गया। केंद्र पर मौजूद अधिकारियों ने निर्धारित सुरक्षा एवं पहचान संबंधी प्रक्रिया के तहत उसे कुछ समय के लिए रोका। अभ्यर्थी कुलसुम ने बताया कि वह पूर्व में भी बुर्का पहनकर परीक्षा दे चुकी है तथा राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के नयिमों के अनुसार इसकी अनुमति है। इस संबंध में उसके पिता मोहम्मद अली ने भी आपत्ति दर्ज कराई और अधिकारियों से नियमों के अनुरूप कार्रवाई करने का आग्रह किया।

स्थिति स्पष्ट होने तथा आवश्यक जांच प्रक्रिया पूरी होने के बाद अभ्यर्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति दे दी गई, जिसके बाद उसने परीक्षा में हिस्सा लिया। परीक्षार्थियों ने बताया प्रश्नपत्र मध्यम स्तर का: परीक्षा समाप्त होने के बाद बाहर निकले अभ्यर्थियों ने बताया कि प्रश्नपत्र का स्तर मध्यम रहा तथा अधिकांश प्रश्न निर्धारित पाठ्यक्रम पर आधारित थे।

सहायक कलक्टर (उपखण्ड अधिकारी) नावां (डीडवाना-कुचामन)
विवादकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन
अन्तर्गत आदेश 05 नियम 01 व 5 सी.पी.सी. (अखबार प्रकाशन)

वादी :- जीवण सहाय पुत्र गोविन्द सहाय, जाति ब्राह्मण, निवासी मारोठ। बनाम प्रतिवादीगण : रतन पुत्र रामेश्वर जाति ब्राह्मण, निवासी मारोठ।
वाद संख्या : 275/2022 दर्ज तिथि : 21.12.2022
वाद अन्तर्गत धारा 88, 188 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955

प्रतिवादीगण,
रतन पुत्र रामेश्वर, संतोष पुत्र रामेश्वर, बनवारी पुत्र रामेश्वर, प्रकाश पुत्र घनश्याम, विजय पुत्र घनश्याम, शिवकुमार पुत्र रूपनारायण, नटवरलाल पुत्र रूपनारायण, गोपाल पुत्र रूपनारायण, ओमप्रकाश पुत्र रूपनारायण, सर्वेश्वर पुत्र रूपनारायण, गोपाल पुत्र श्रीनारायण, हनुमान पुत्र श्रीनारायण, प्रेमशंकर पुत्र श्रीनारायण, रमेश पुत्र श्रीनारायण, ललित पुत्र श्रीनारायण, रघुनन्दन पुत्र दामोदर, श्यामलाल पुत्र दामोदर, सत्यनारायण पुत्र श्रीनिवास, सम्पत पुत्र श्रीनिवास, विजयकुमार पुत्र श्रीनिवास, अमरचन्द पुत्र शंकरवल्लभ, मगदत पुत्र शंकरवल्लभ जातियान समस्त ब्राह्मण निवासीगण-मारोठ, तहसील नावां, जिला डीडवाना-कुचामन (राज.)।

वादी जीवण सहाय पुत्र गोविन्द सहाय जाति- ब्राह्मण निवासी - मारोठ तहसील नावां जिला डीडवाना - कुचामन (राज.) ने आपके विरूद्ध वाद अन्तर्गत धारा 88, 188 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 के तहत पंजीयत किया है। आप इस न्यायालय में तारीख पेशी 23.06.2026 को दिन में 10 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उप संजात (हाजिर) होने के लिए वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या जरिये प्लीडर उप संजात हो सकते है, जिसे सम्यक् अनुदेश दिये गये हों। और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नो का उत्तर दे सकें। आपको यह भी निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में है पेश करे। जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल / मुजराई का दावा या प्रतिवादी आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो आप ऐसी दस्तावेजो को उल्लिखित समय के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करे।
आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगें तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा। इस बावत आपको कोई हक उज्र होतो सुनवाई हेतु निश्चित दिनांक 23.06.2026 को एक पक्षीय कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।
यह आम सूचना आज दिनांक 22.5.2026 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय मुद्रा से जारी किया गया है।
(दिव्या सैनी, आर.ए.एस.)
उपखण्ड अधिकारी
नावां (डीडवाना-कुचामन)

योग से स्वस्थ जीवन का संदेश दिया

मसूदा/ब्यावर, (निसं)। 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत संचालित मेरा युवा भारत (माय भारत) अभियान के तहत मसूदा ब्लॉक के ग्राम मोयणा में 'योग 365' विषय पर विभिन्न योग कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला युवा अधिकारी जयेश मीना के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में देवनारायण युवा मंडल मोयणा के सदस्यों ने सामूहिक योगाभ्यास कर योग को जन-जन तक पहुंचाने और इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश दिया। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मोयणा में योग प्रशिक्षक पवन के मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों ने विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास किया। इस दौरान युवाओं को योग के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभों की विस्तृत जानकारी भी दी गई। स्वयंसेवक देवेंद्र सिंह ने बताया कि योग दिवस के अवसर पर योगाभ्यास में शामिल सभी युवाओं को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। उन्होंने कहा कि 'योग 365' अभियान के तहत पूरे वर्ष योग सत्र, जन-जागरूकता अभियान, सामाजिक माध्यमों पर प्रचार, योग स्थलों का चिन्हांकन और 'योग युवा राजदूत' के माध्यम से युवाओं को नियमित योग से जोड़ा जाएगा।

भगवान देवनारायण महायज्ञ की पूर्णाहुति, क्षेत्र जयकारों से गूंजा

मसूदा, (निसं)। मसूदा उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत देवमाली के देवरिया गांव में आयोजित भगवान देवनारायण के पांच दिवसीय महायज्ञ का रविवार को धार्मिक उल्लास और भक्ति भाव के साथ समापन हुआ। महायज्ञ की पूर्णाहुति तथा शिव परिवार स्थापना कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। महायज्ञ में देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष ओमप्रकाश भड़ाणा, पूर्व अतिरिक्त जिला कलक्टर रामसुख गुर्जर, विधायक, पूर्व विधायक, समाजसेवी संग्राम सिंह गुर्जर, ठेकेदार गजराज तथा भाजपा नेता भंवर सिंह पलाड़ा सहित कई प्रमुख जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता की। आयोजन स्थल पर ग्रामीणों और समिति सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत किया।

यज्ञाचार्य पंडित रविदत्त आचार्य के सानिध्य में आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान के दौरान धर्मसभा का भी आयोजन हुआ। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि धार्मिक

प्राण प्रतिष्ठा समारोह में देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष, विधायक और जनप्रतिनिधि पहुंचे।

आयोजन समाज में एकता, सद्भाव और संस्कारों को मजबूत करने का कार्य करते हैं तथा नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ते हैं। भंवर सिंह पलाड़ा ने कहा कि उन्होंने हमेशा गरीब और जरूरतमंद लोगों की सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी, पारदर्शिता और जनसेवा को आधार बनाकर कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि जनसेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने भगवान देवनारायण के दर्शन कर प्रदेश और क्षेत्र की उन्नति, खुशहाली तथा शांति की कामना की। पूरे आयोजन के दौरान भक्ति और श्रद्धा का वातावरण बना रहा तथा भगवान देवनारायण के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा।

आम सूचना

मेरी मां ललिता पत्नी स्व. रामस्वरूप जांगिड जाति जांगिड निवासी परासिया, मदनगंज- किशनगढ़ जिला अजमेर का स्वर्गवास दिनांक 15 अक्टूबर, 1988 को मेरे निवास स्थान पर हो गया है जिनका मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिए तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में आवेदन किया है। इस संबंध में किसी व्यक्ति को आपति हो तो मय दस्तावेज 7 दिवस तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में संपर्क करे।
प्रार्थी-त्रिलोक चन्द जांगिड
पुत्र स्व. रामस्वरूप जांगिड

आम सूचना

मेरे पक्षकार श्री कन्नू सिंह रावत पुत्र श्री बुद्धा सिंह रावत, जाति रावत, निवासी तेजा चौक, रावतों का मोहल्ला, पुष्कर रोड, अजमेर, मोबाईल नं. 9636364030 के द्वारा मुझे सूचित किया गया है कि मेरे पक्षकार की एक चैक बुक जो कि बैंक ऑफ इण्डिया ब्रांच पुष्कर रोड, अजमेर के सेविंग आकउन्ट सं 666210310000232 के जिसका चैक संख्या 118403 से 118425 कुल 23 चैक जिसमें प्रत्येक चैक पर मेरे पक्षकार के हस्ताक्षर किये गये है जो उपरोक्त चैकों की चैक बुक दिनांक 10.06.2026 मेरे पक्षकार से खो गई है। यह कि उपरोक्त चैकों के गुम होने के बावत् मेरे द्वारा एक ऑनलाईन एफ.आई.आर. नं. 3185278/2026 दिनांक 19.06.2026 को करवा दी गई है। यह किसी भी व्यक्ति को उपरोक्त चैक बुक मिल जाती है तो उसकी सूचना मेरे पक्षकार को दी जाये या अभिभाषक को दी जाये।
अभिवक्ता
(खुर्शीद अनवर) एडवोकट
मो.नं. 9829793860

कार्यालय नगर परिषद किशनगढ़ (अजमेर) राजस्थान

क्रमांक- न.प.कि/कृषि भूमि नियमन/2026/516 आम सूचना दिनांक : 18.06.2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद किशनगढ़ में राजस्व ग्राम मदनगंज के खसरा 267 भूखण्ड संख्या 41 का भाग का कुल क्षेत्रफल 70.26 वर्गगज का आवासीय प्रयोजनार्थ पट्टा चाहनें हेतु कृषि भूमि नियमन के तहत् आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदित भूखण्ड नियमन में संबंधित किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपति हो तो इस सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय को लिखित में आपतियां/मय साक्ष्य / विवरण सहित कार्यालय समय में दर्ज करावें ।

क्र. सं.	प्रार्थी का नाम	राजस्व ग्राम का नाम एवं खसरा नं व क्षेत्रफल	प्रस्तावित कृषि भूमि नियमन
1.	श्री शब्बीर अली पुत्र श्री मदारी शाह निवासी चौधरी कॉलोनी गांधीनगर मदनगंज-किशनगढ़ जिला अजमेर।	मदनगंज खसरा 267 70.26 वर्गगज	आवासीय प्रयोजनार्थ पट्टा चाहने हेतु

आयुक्त, नगर परिषद, किशनगढ़ ।

कार्यालय, प्राधिकृत अधिकारी नगर परिषद किशनगढ, अजमेर

क्रमांक/न.पा.कि /प्रा.अ./कृ.भू.नि./2026/445 लोक सूचना दिनांक : 18.06.2026

आवेदक वंदना जैन पत्नी महेन्द्र जैन निवासी मदनगंज किशनगढ़ ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का औद्योगिक प्रयोजनार्थ गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात्

तहसील और जिले का नाम	राजस्व ग्राम का नाम	खसरा सं.	क्षेत्र
किशनगढ़-अजमेर	काली डूंगरी	645/627	कुल रकबा 4548.00 वर्गमीटर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक............को जारी की गयी ।

प्राधिकृत अधिकारी आयुक्त नगर परिषद किशनगढ़

कार्यालय, प्राधिकृत अधिकारी नगर परिषद किशनगढ, अजमेर

क्रमांक/न.पा.कि /प्रा.अ./कृ.भू.नि./2026/441 लोक सूचना दिनांक : 18.06.2026

आवेदक अब्दुल रऊफ पुत्र अब्दुल मजीद, अमजद खान पुत्र अब्दुल मजीद ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का औद्योगिक प्रयोजनार्थ गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात्

तहसील और जिले का नाम	राजस्व ग्राम का नाम	खसरा सं.	क्षेत्र
किशनगढ़-अजमेर	काली डूंगरी	650/636	कुल रकबा 6707 वर्गमीटर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक............को जारी की गयी ।

प्राधिकृत अधिकारी आयुक्त नगर परिषद किशनगढ़

कार्यालय, प्राधिकृत अधिकारी नगर परिषद किशनगढ, अजमेर

क्रमांक/न.पा.कि /प्रा.अ./कृ.भू.नि./2026/449 लोक सूचना दिनांक : 18.06.2026

आवेदक बलराम चौधरी पुत्र रामकरण निवासी नसीराबाद रोड अजमेर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का औद्योगिक प्रयोजनार्थ गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात्

तहसील और जिले का नाम	राजस्व ग्राम का नाम	खसरा सं.	क्षेत्र
किशनगढ़-अजमेर	काली डूंगरी	628/577	कुल रकबा 6191.79 वर्गमीटर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक............को जारी की गयी ।

प्राधिकृत अधिकारी आयुक्त नगर परिषद किशनगढ़

विश्व संगीत दिवस पर गूंजे सुर, संगीत संध्या 'स्वरांजलि' में कलाकारों ने बांधा समां

अजमेर, (निसं)। विश्व संगीत दिवस के अवसर पर सुर संगम संगीत समूह की ओर से रविवार को भव्य संगीत संध्या 'स्वरांजलि' का आयोजन उत्साह और गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन समूह के संयोजक दयाल प्रियानी के सान्निध्य में हुआ, जिसमें शहर के अनेक संगीत प्रेमियों और कलाकारों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि संगीत केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने, सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने और सांस्कृतिक मूल्यों को जीवंत बनाए रखने की शक्ति रखता है। उन्होंने कहा कि विश्व संगीत दिवस हमें यह एहसास कराता है कि संगीत भाषा, क्षेत्र और सीमाओं से ऊपर उठकर लोगों को एक सूत्र में बांधता है।

देवनानी ने आयोजन की सराहना

'स्वरांजलि' कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी रहे।

करते हुए कहा कि ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम नई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के साथ-साथ समाज में कला और संस्कृति के प्रति जागरूकता बढ़ाने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं।

संगीत संध्या में अरविंद मिश्रा, प्रकाश झमटानी, अभिषेक जैन, दयाल प्रियानी, ललित मिश्रा, प्रकाश जेठरा, जे.सी. सिन्हा, प्रदीप सोनी, नीलम शर्मा, पूनम गीतांजलि, नवीन गुरु, विजय सोनी, सुरेश केवलरामानी और राजेंद्र काकड़ा सहित अनेक कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर डीएम रिकॉर्डिंग स्टूडियो के संस्थापक और वाद्य कलाकार दुष्यंत मिश्रा ने भी विशेष प्रस्तुति दी। उन्होंने की-बोर्ड और ऑक्टोपैड की संगत में लोकप्रिय फिल्मी धुनों को प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का दिल जीत लिया।

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष का अभिनंदन किया

विभिन्न सामाजिक, शैक्षिणक एवं राजनीतिक संगठनों द्वारा हनुमान सिंह का अभिनंदन किया।

अजमेर(निसं)। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष पद पर नियुक्ति के उपरांत हनुमान सिंह को बधाई देने वालों का सिलसिला निरंतर जारी है। विभिन्न सामाजिक, शैक्षिणक एवं राजनीतिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने उनसे शिष्टाचार भेंट कर शुभकामनाएं प्रेषित की तथा उनके सफल एवं प्रभावी कार्यकाल की कामना की। इस अवसर पर पूर्व महापौर डॉ. प्रियशील हाडा, संपत सांखला, भारतीय सिंधु सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेंद्र कुमार तीर्थानी, सिंध इतिहास एवं साहित्य शोध संस्थान के अध्यक्ष कंवल प्रकाश किशनानी तथा भाजपा विधि प्रकोष्ठ के अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह परमार सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। उपस्थित वक्ताओं ने हनुमान सिंह के लंबे प्रशासनिक एवं शैक्षिणक अनुभव, शिक्षा के क्षेत्र में उनकी गहन समझ तथा सकारात्मक कार्यशैली की सराहना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई उपलब्धियां हासिल करेगा तथा शिक्षा की गुणवत्ता एवं पारदर्शिता को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सकेगा। इस दौरान आगंतुकों ने हनुमान सिंह का अभिनंदन एवं सम्मान किया तथा शिक्षा व्यवस्था को अधिक मजबूत, प्रभावी एवं छात्र हितैषी बनाने की अपेक्षा व्यक्त की।